**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4906**

**दिनांक 23.07.2019/1 श्रावण,1941 (शक) को उत्तर के लिए**

**भारी वर्षा और बाढ़ के कारण नुकसान**

**4906. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावाः**
**श्री गजानन कीर्तिकरः**
**श्री सुधीर गुप्ताः**
**श्री पशुपति कुमार पारसः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार को देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण फसलों, बांधों, पुलों और सड़कों के नुकसान की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त आपदाओं के कारण हुए नुकसान का ब्यौरा क्या है और मारे गए, घायल और लापता हुए लोगों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने फसलों को हुए नुकसान का मूल्यांकन करने और इस संबंध में पता लगाने के लिए प्रभावित राज्यों में एक केंद्रीय दल भेजा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और निष्कर्ष क्या हैं;

(ङ) प्रभावित राज्यों द्वारा कितनी राहत राशि मांगी गई है और केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गयी/प्रदान की जाने वाली संभावित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार सहायता कितनी है; और

(च) भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान को कम करने के लिए केंद्र/राज्य सरकारों की सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वय के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदम क्या हैं?

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)**

(क) और (ख): जी, हां। जैसाकि राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किया गया है, पिछले

तीनवर्षों और चालू वर्ष के दौरान बाढ़ सहित वर्षा जनित प्राकृतिक आपदाओं के कारण मारे गए व्यक्तियों की संख्या सहित हुई हानियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण लापता हुए व्यक्तियों की संख्या की जानकारी इस मंत्रालय द्वारा केन्द्रीकृत रूप से नहीं रखी जाती है।

(ग) से (ड.): आपदा प्रबंधन का प्राथमिक उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है। प्रभावित राज्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

वर्ष 2018-19 के दौरान वर्षा जनित प्राकृतिक आपदाओं के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता मांगने हेतु इस मंत्रालय को भेजे गए ज्ञापनों और एनडीआरएफ से अनुमोदित सहायता का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(च): प्राकृतिक आपदाओं के कारगर प्रबंधन के लिए केंद्र/राज्य सरकार की सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वयन के लिए देश में राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर संस्थागत तंत्र मौजूद हैं। केन्द्र सरकार ने एक मजबूत प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित की है और इसने मौसम अनुमान की सटीकता में काफी वृद्धि की है। पूर्वानुमान एजेंसियों ने प्रभावशाली ढंग से चेतावनी और प्रसार प्रणालियों में सुधार हेतु अपने प्रयासों को जारी रखा हुआ है। देश में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान/आसन्न प्राकृतिक आपदाओं के समय नुकसान को कम/न्यूनतम करने के लिए लोगों को जानकारी देने हेतु मॉक अभ्यास तथा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए उपायों से आपदा प्रबंधन संबंधी प्रथाओं, तैयारी, बचाव और मोचन प्रणाली में अत्यधिक सुधार हुआ है जिसके परिणामस्वरूप देश में प्राकृतिक आपदाओं के दौरान हताहत होने की संख्या में अत्यधिक कमी आई है। इसके अलावा, आपदा प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण अभिशासन की सतत और परिवर्तनशील प्रक्रिया है।

******

**अनुलग्नक-I**

## दिनांक 23.07.2019 का लो.स.अता.प्र.सं.4906

### वर्ष 2016-17 से 2019-20 के दौरान वर्षा जनित प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई हानियों का राज्य-वार ब्यौरा

**(अनंतिम)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वर्ष | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | | | | 2017-18 | | | | 2018-19 | | | | 2019-20 (18.07.19 तक) | | | |
| | | मारे गए व्यक्ति (संख्या) | मारे गए मवेशी (संख्या) | क्षतिग्रस्त मकान/ झोपड़ियां (संख्या) | प्रभावित फसल क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में) | मारे गए व्यक्ति (संख्या) | मारे गए मवेशी (संख्या) | क्षतिग्रस्त मकान/ झोपड़ियां (संख्या) | प्रभावित फसल क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में) | मारे गए व्यक्ति (संख्या) | मारे गए मवेशी (संख्या) | क्षतिग्रस्त मकान/ झोपड़ियां (संख्या) | प्रभावित फसल क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में) | मारे गए व्यक्ति (संख्या) | मारे गए मवेशी (संख्या) | क्षतिग्रस्त मकान/ झोपड़ियां (संख्या) | प्रभावित फसल क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 19 | 32 | 2277 | 0.48 | 31 | 55 | 6557 | 0.45 | 81 | 5884 | 47855 | 1.67 | -- | -- | -- | -- |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 42 | 1903 | 1629 | 0.235 | 60 | 1177 | 1463 | 0.41 | 33 | 47 | 1647 | 0.007 | -- | -- | -- | -- |
| 3 | असम | 115 | 3191 | 66887 | 2.82 | 160 | 2763 | 111070 | 2.80 | 53 | 122 | 77948 | 0.31 | 39 | 364 | 5378 | 2.52 |
| 4 | बिहार | 243 | 583 | 129922 | 3.72 | 649 | 256 | 357197 | 8.10 | -- | -- | 920 | -- | 78 | -- | -- | -- |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 9 | 15 | 694 | 2.98 | 52 | 102 | 909 | -- | 7 | 11 | 145 | -- | -- | -- | -- | -- |
| 6 | गुजरात | 85 | 252 | 128 | -- | 229 | 15255 | 36710 | 6.45 | 72 | 361 | 5202 | -- | 32 | 220 | -- | -- |
| 7 | गोवा | -- | -- | 119 | -- | 1 | -- | 61 | -- | -- | -- | 74 | -- | -- | -- | -- | -- |
| 8 | हरियाणा | 3 | -- | 8 | -- | -- | -- | -- | -- | 3 | 2 | 43 | -- | 3 | -- | 1 | -- |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 40 | 136 | 2283 | 0.20 | 75 | 199 | 2195 | 0.80 | 343 | 416 | 5886 | 0.45 | -- | 11 | 40 | -- |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 3 | -- | -- | -- | 7 | 4 | 90 | -- | 31 | 32 | 42 | -- | -- | -- | -- | -- |
| 11 | झारखंड | 8 | -- | 1483 | -- | 12 | 3 | 2668 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| 12 | कर्नाटक | 10 | 217 | 23654 | 3.76 | 70 | 745 | 1533 | -- | 67 | 240 | 7865 | 3.63 | 57 | 102 | 794 | -- |
| 13 | केरल | 48 | 56 | 5770 | 0.017 | 221 | 5 | 6324 | 0.078 | 477 | 76830 | 654062 | 1.00 | 10 | -- | 972 | -- |
| 14 | मध्य प्रदेश | 184 | 400 | 80000 | -- | -- | -- | -- | -- | 31 | 2 | 191 | -- | 21 | 04 | 76 | -- |
| 15 | महाराष्ट्र | 145 | 1035 | 8164 | 0.15 | 134 | 164 | -- | -- | 106 | 1560 | -- | -- | 137 | 55 | -- | -- |
| 16 | मणिपुर | -- | -- | 24723 | 0.018 | 19 | 10752 | 19793 | 0.89 | 25 | 142 | 10820 | 0.06 | -- | -- | -- | -- |
| 17 | मेघालय | 4 | -- | -- | -- | 11 | -- | 163 | -- | 9 | 4632 | 13100 | 0.02 | 7 | -- | 17915 | -- |
| 18 | मिजोरम | -- | -- | -- | -- | 13 | 14 | 5437 | 0.11 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| 19 | नागालैंड | 7 | 738 | 4119 | 0.42 | 22 | 665 | 7700 | 0.05 | 12 | 896 | 5202 | 0.05 | 14 | 5 | 1354 | -- |
| 20 | ओडिशा | 3 | -- | | | 8 | 399 | 562 | 0.42 | 102 | 4812 | 62341 | 3.90 | 64 | 6281 | 556761 | 1.49 |
| 21 | पंजाब | 12 | -- | 98 | 0.005 | 4 | 6 | 34 | -- | 14 | 29 | 229 | 0.52 | 2 | -- | 7 | -- |
| 22 | राजस्थान | 82 | 635 | 15010 | -- | 80 | 5705 | 57989 | 7.34 | 17 | 8 | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| 23 | सिक्किम | 13 | 2090 | 361 | 0.018 | 11 | 80 | 910 | 0.02 | 3 | -- | 83 | -- | 1 | -- | -- | -- |
| 24 | तमिलनाडु | 25 | 564 | 8278 | 0.34 | 233 | 7654 | 14229 | 0.05 | 97 | 21790 | 567453 | 1.22 | 8 | 32 | 150 | -- |
| 25 | तेलंगाना | 49 | 6535 | 37991 | 2.59 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| 26 | त्रिपुरा | 5 | 1 | 937 | -- | 17 | 13 | 3222 | -- | 22 | 4167 | 40897 | 0.32 | 5 | 3 | 16270 | -- |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 82 | 266 | 46793 | 5.96 | 121 | 154 | 56935 | 3.81 | 105 | 140 | 28063 | 2.90 | 7 | -- | 169 | -- |
| 28 | उत्तराखंड | 114 | 1575 | 3324 | 0.10 | 57 | 737 | 1380 | -- | 69 | 770 | 2648 | 0.55 | 11 | 25 | 68 | -- |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 200 | 3320 | 84765 | 4.48 | 197 | 2075 | 497362 | 6.74 | 266 | 93 | 23964 | 0.49 | -- | -- | -- | -- |
| 30 | पुदुचेरी | -- | -- | 5 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 28 | 1228 | -- | -- | -- | -- | -- |
| 31 | लक्षद्वीप | -- | -- | -- | -- | -- | 186 | 969 | 0.002 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| | **कुल** | **1,550** | **23,544** | **549422** | **28.27** | **2494** | **49168** | **1193462** | **38.52** | **2045** | **123014** | **1557908** | **17.09** | **496** | **7102** | **599955** | **4.01** |

**अनुलग्नक-II**

**दिनांक 23.07.2019 का लो.स.अता.प्र.सं.4906**

**वर्ष 2018-19 के दौरान वर्षा जनित प्राकृतिक आपदाओं के लिए राज्य सरकारों द्वारा राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त केंद्रीय सहायता मांगने हेतु प्राप्त हुए ज्ञापनों की स्थिति**

(**करोड़ रु. में**)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आपदाओं का प्रकार | राज्य सरकार द्वारा अनुमानित सहायता | केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | आंध्र प्रदेश | चक्रवात 'तितली' | 2113.00 | 539.52 करोड़ रु. तथा वास्तविक आंकड़ों के अनुसार एयर बिल |
| | | चक्रवाती 'फेथई' | 142.95 | 82.65 करोड़ रु. |
| 2. | असम | बाढ़ | 2491.59 | 138.38 करोड़ रु. |
| 3. | हिमाचल प्रदेश | बाढ़/भूस्खलन | 1601.03 | 317.44 करोड़ रु. तथा वास्तविक आंकड़ों के अनुसार एयर बिल |
| 4. | कर्नाटक | बाढ़/भूस्खलन | 575.15 | 546.21 करोड़ रु. तथा वास्तविक आंकड़ों के अनुसार एयर बिल |
| 5. | केरल | बाढ़/भूस्खलन | 5596.77 | 3048.39 करोड़ रु. तथा वास्तविक आंकड़ों के अनुसार एयर बिल |
| 6. | मणिपुर | बाढ़/भूस्खलन | 197.17 | 42.46 करोड़ रु. |
| 7. | नागालैंड | बाढ़/भूस्खलन | 417.93 | 131.16 करोड़ रु. तथा वास्तविक आंकड़ों के अनुसार एयर बिल |
| 8. | ओडिशा | चक्रवात 'तितली' | 2751.72 | 1023.59 करोड़ रु. |
| 9. | पुडुचेरी | चक्रवात 'गाजा' | 188.51 | 13.09 करोड़ रु. |
| 10. | तमिलनाडु | चक्रवात 'गाजा' | 2715.29 | 1146.12 करोड़ रु. |
| 11. | त्रिपुरा | बाढ़/भूस्खलन | 805.92 | 268.63 करोड़ रु. तथा वास्तविक आंकड़ों के अनुसार एयर बिल |
| 12. | उत्तर प्रदेश | बाढ़ | 570.45 | 191.73 करोड़ रु. |

*****